**मानवीय राष्ट्रीय हरित अधिकरण (CZ) (O.A No.262/2024) के आदेश दिनांक 13/12/2024 के अनुपालन में संयुक्त निरीक्षण रिपोर्ट दिनांक 30/01/2025**

माननीय राष्ट्रीय हरित अधिकरण (CZ) के प्रकरण संख्या O.A No.262/2024 में दिनांक 13/12/2024 को पारित आदेश के अनुपालन में, उपखण्ड अधिकारी (एसडीओ), तहसील नीमराना जिला कलेक्टर कोटपुतली-बेहरोड के प्रतिनिधि और राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल (आरएसपीसीबी), क्षेत्रीय कार्यालय, कोटपुतली-बहरोड के क्षेत्रीय अधिकारी की संयुक्त समिति द्वारा दिनांक 30/01/2025 को गाँव माजरी कलां स्थित प्रकरण में उल्लेखित तालाब एवं पत्थर कटाई इकाई मेसर्स मयंक स्टोन इम्पेक्स, गाँव माजरी कलां, तहसील नीमराना, जिला कोटपुतली-बेहरोड का निरीक्षण किया गया।

राजस्व विभाग के अभिलेखों व उपखण्ड अधिकारी (एसडीओ) कार्यालय में उपलब्ध जानकारी के अनुसार, संबंधित भूमि (खसरा न. 1917/1495) को "गैर मुमकिन श्मशान" (हिंदू शवदाह स्थल) के रूप में दर्ज किया गया है, और वहाँ कोई आधिकारिक रूप से पंजीकृत तालाब नहीं है। निरीक्षण के दौरान यह पाया गया की गाँव का घरेलू अपशिष्ट जल एक कंक्रीट नाले के माध्यम से इस क्षेत्र में प्रवाहित हो रहा था। निरीक्षण के समय वहाँ ठहरा हुआ पानी, ठोस अपशिष्ट (गाँव का कचरा), गोबर के ढेर और सरसों के तनों का जमाव व् लकड़ी के ढेरों को देखा गया।

इसके अतिरिक्त, यह भी पाया गया की परिवादी श्री राजेंद्र प्रसाद यादव के स्वामित्व में तालाब के पास "कमला भवन और गार्डन" नामक एक विवाह स्थल है, जिसमें एक बैंक्वेट हॉल और खुला लॉन क्षेत्र शामिल है। परिवादी को मौके पर पहुचने से पूर्व दूरभाष के माध्यम से अपनी उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु कहा गया तथा मौके पर पहुँच कर भी कई बार दूरभाष के माध्यम से अपनी उपलब्धता हेतु संपर्क किया गया परन्तु परिवादी मौके पर उपलब्ध नहीं हुआ। निरीक्षण के दौरान यह देखा गया कि विवाह स्थल से तालाब कि तरफ एक खुली नाली भी मौजूद थी, जो विवाह स्थल से निकलने वाले घरेलू अपशिष्ट जल को तालाब क्षेत्र में प्रवाहित करने के उद्देश से बनाई गयी हैं तथा नाली में घरेलू अपशिष्ट जल भी पाया गया। राजस्व अभिलेखों के अनुसार, परिवादी के विरुद्ध श्मशान भूमि के समीप रास्ते पर अतिक्रमण का मामला दर्ज हैं, जिसे पूर्व में उपखंड प्रशासन द्वारा हटा दिया गया था, जिसके अवशेष मौके पर पड़े हुए पाए गए।

पत्थर कटाई इकाई मेसर्स मयंक स्टोन इम्पेक्स, गाँव माजरी कलां, तहसील नीमराना, जिला कोटपुतली-बहरोड, का निरिक्षण ईकाई के मालिक (प्रोपराईटर) श्री खगेन्द्र यादव कि उपलब्धता में किया गया, निरीक्षण में पाया गया कि यह इकाई पत्थर की टाइलें यथा ग्रेनाइट टाइल्स, मार्बल टाइल्स, सैंड स्टोन टाइल्स और नक्काशीदार पत्थर बनाने में संलग्न थी। तालाब क्षेत्र में कहीं भी पत्थर की धूल या कटाई से निकला मलबा नहीं पाया गया। उद्योग मालिक द्वारा बताया गया की

(राजकुमार सेहरा)
क्षेत्रीय अधिकारी
राज० राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल
कोटपुतली-बहरोड़

उपखण्ड अधिकारी
नीमराना (कोटपूतली-बहरोड़)

मांग अनुरूप उनका कार्य चलता हैं और पत्थर की टाइल्स कटाई से उत्पन्न स्लरी के लिए एक हौद नुमा सेटलिंग टैंक बनाया गया हैं तथा स्लरी का निष्पादन वे स्वयं के खेत में गड्डे भराई के उपयोग में लेते हैं, हालांकि, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल द्वारा इकाई को गैर-अनुपालन के लिए नोटिस जारी किया गया है।

यहाँ यह भी उल्लेखनीय हैं की उक्त गार्डन व् ईकाई के विरुद्ध पर्यावरणीय नियमों व् राजस्व विभाग के नियमानुसार कार्यवाही की जा रही हैं । तथा उक्त वर्णित तालाब (शमशान भूमि) के रख रखाव व् साफ़ सफाई हेतु मौके पर उपखंड अधिकारी द्वारा पटवारी-ग्राम सचिव को निर्देशित किया गया ।

संलग्न: 1. खसरा संख्या 1917/1495 की जमाबंदी की प्रतिलिपि ।

2. अतिक्रमण हटाने बाबत मौका रिपोर्ट ।

| | |
|---|---|
| राजकुमार सेहरा<br>क्षेत्रीय अधिकारी,<br>राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल,<br>क्षेत्रीय कार्यालय, कोटपुतली-बहरोड़ | 30.1.25<br>महेंद्र सिंह यादव<br>उपखंड अधिकारी<br>तहसील नीमराना<br>जिला कोटपुतली-बहरोड़<br>उपखण्ड अधिकारी<br>नीमराना (कोटपूतली-बहरोड़) |

(राजकुमार सेहरा)
क्षेत्रीय अधिकारी
राज० राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल
कोटपूतली-बहरोड़

# जमाबन्दी (खेवट/खतोनी) (प्रतिलिपि )

ग्राम का नाम :- माजरीकलां
पटवार हल्का :- माजरीकंला
भू.अभि.नि.क्षेत्र :- माजरीकंला
तहसील :- नीमराणा
जिला :- अलवर

अंतिम चौसला आधार संवत :- 2073-2076 जमाबंदी 2076 ( वर्ष 2019 ) से स्थायी
भूमि धारक का नाम :- राज. सरकार
क्षेत्रफल की इकाई :- हैक्टेयर
खाता संख्या नया :- 1
खाता संख्या पुराना :- 1

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1823/1890 | 0.4500 | गै.मु.रास्ता | 0.4500 |
| 1827 | 0.4700 | गै.मु.रास्ता | 0.4700 |
| 1856 | 0.0900 | गै.मु.चाह | 0.0900 |
| 1858 | 0.0700 | बारानी 1 | 0.0700 |
| 1871 | 0.3200 | गै.मु.रास्ता | 0.3200 |
| 1917/1495 | 0.2248 | गै.मु.श्मशान | 0.2248 |
| 1918/1495 | 0.0252 | गै.मु.रास्ता | 0.0252 |
| 1919/185 | 0.0255 | गै.मु.रास्ता | 0.0255 |
| 1962/817 | 0.0483 | गै.मु.रास्ता | 0.0483 |
| 205 | 0.4000 | गै.मु.रास्ता | 0.4000 |
| 213 | 0.0600 | बजड़ 1 | 0.0600 |
| 216 | 0.0600 | बजड़ 1 | 0.0600 |
| 217 | 0.0400 | बजड़ 1 | 0.0400 |
| 22 | 0.0200 | बजड़ 1 | 0.0200 |
| 261 | 0.0900 | गै.मु.चाह | 0.0900 |
| 262 | 0.0100 | गै.मु.तिबारा | 0.0100 |
| 300 | 0.0900 | गै.मु.रास्ता | 0.0900 |
| 301 | 0.5100 | गै.मु.रास्ता | 0.5100 |
| 403 | 0.0500 | बारानी उत्तम | 0.0500 |
| 404 | 0.3600 | गै.मु.रास्ता | 0.3600 |
| 408 | 0.1300 | गै.मु.रास्ता | 0.1300 |
| 445 | 0.0600 | गै.मु.देवस्थान | 0.0600 |
| 453/1898 | 0.0500 | गै.मु.रास्ता | 0.0500 |
| 46 | 0.3000 | गै.मु.चाह | 0.3000 |
| 462/1897 | 0.0900 | गै.मु.रास्ता | 0.0900 |
| 463 | 0.2100 | बारानी 1 | 0.2100 |
| 463/1963 | 0.2100 | गै.मु.रास्ता | 0.2100 |
| 464/1896 | 0.0700 | गै.मु.रास्ता | 0.0700 |
| 464/1951 | 0.0700 | गै.मु.रास्ता | 0.0700 |
| 465/1895 | 0.0500 | गै.मु.खड्डा | 0.0500 |
| 541 | 0.1200 | गै.मु.रास्ता | 0.1200 |
| 546 | 0.2000 | गै.मु.रास्ता | 0.2000 |

## मौका-रिपोर्ट

श्रीमान् आज दिनांक 12/07/2024 को श्रीमान उपखण्ड अधिकारी जी नीमराना के आदेश क्रमांक/अतिक्रमण/2024/1159 दिनांक 09/07/2024 की पालना में श्रीमान नायब तहसीलदार महोदय, भू.अ.नि. माजरीकलां, पट.. दौलतसिंहपुरा, पट. माजरीकलां राजस्व-टीम मय राजस्व-रिकॉर्ड मौके पर पहुंचे। मौके पर आराजी ख.नं.- 1918/1495 गै.मु. रास्ते में पक्की-दीवार लगाकर अतिक्रमण किया हुआ था। जिसको पुलिस-प्रशासन जाब्ता के सरपंच ग्राम-पंचायत माजरीकलां की मौजूदगी में हटाया गया। अतः श्रीमानजी. पालना मय मौका-रिपोर्ट सादर प्रेषित है।

2 19/07/24

12/7/24

12/07/2024
पटवारी माजरीकलां

12/07/2024
पटवारी दौलतसिंहपुरा

बीना यादव
सरपंच
ग्राम पंचायत माजरी कलां
पंचायत समिति, नीमराना (अलवर)

राजस्थान – सरकार

# कार्यालय उपखण्ड अधिकारी एवं उपखण्ड मजिस्ट्रेट नीमराना जिला कोटपूतली–बहरोड़

Email- sdmneem.alw@gmail.com

क्रमांक :– अतिक्रमण / 2024 / 1159 दिनांक :– 09/07/2024

**–: आदेश :–**

सरपंच, ग्राम पंचायत माजरीकला पं.स. नीमराना द्वारा पत्र प्रेषित कर अवगत कराया है कि राजेन्द्र प्रसाद पुत्र लालाराम निवासी माजरी कला तह0 नीमराना ने आम रास्ते पर दीवार लगाकर पूरे सार्वजनिक / राजकीय / आम रास्ते को बाधित कर अतिक्रमण कर लिया। जिस संबंध में न्यायालय तहसीलदार नीमराना द्वारा अतिक्रमी को भौतिक रूप से बेदखल करने के आदेश एवं 50 रू के जुर्माने से दण्डित भी किया गया है। (प्रति संलग्न है) सरपंच, ग्राम पंचायत माजरीकला द्वारा उक्त आदेशो की पालना कराने बाबत निवेदन किया गया है।

अतः उक्त सार्वजनिक / राजकीय / आम रास्ते को अतिक्रमण मुक्त कराने एवं न्यायालय आदेश की पालना कराने बाबत निम्नानुसार राजस्व टीम का गठन किया जाता है –

1. तहसीलदार नीमराना – प्रभारी / मौका मजिस्ट्रेट
2. भू0अ0 निरीक्षक, माजरीकला – सदस्य
3. पटवारी, पटवार हल्का, माजरीकला – सदस्य
4. पटवारी, पटवार हल्का, दौलतसिंहपुरा – सदस्य

उक्त राजस्व टीम को निर्देशित किया जाता है कि दिनांक 11.07.2024 को मौके पर राजस्व रिकॉर्ड सहित उपस्थित रहकर अतिक्रमण हटवाने की कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करे एवं की गई कार्यवाही से इस कार्यालय को अवगत कराना सुनिश्चित करे।

संलग्न :– उपरोक्तानुसार।

उपखण्ड अधिकारी
नीमराना जिला कोटपूतली–बहरोड़

क्रमांक :– अतिक्रमण / 2024 / 1160-64 दिनांक :– 09/07/2024

निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है –

1. श्रीमान जिला कलक्टर महोदय, कोटपूतली–बहरोड़ का अनुमोदनार्थ।
2. श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय, कोटपूतली–बहरोड़।
3. श्रीमान अति0 पुलिस अधीक्षक महोदय, नीमराना।
4. पुलिस उपाधीक्षक, नीमराना को भेजकर लेख है कि नियत दिनांक को 05 पुरूष कास्टेबल एवं 03 महिला कांस्टेबल मय उप निरीक्षक जाप्ता उपलब्ध कराना सुनिश्चित करे ताकि मौके पर कानून व्यवस्था बनी रहे।
5. पुलिस थाना नीमराना।
6. रक्षित पत्रावली

उपखण्ड अधिकारी
नीमराना जिला कोटपूतली–बहरोड़

Document certified by PANKAJ BADGUJAR
<SDMNEEMRANA@GMAIL.COM>

Digitally Signed by PANKAJ BADGUJAR
Designation: Sub Divisional Officer
Date: 09-07-2024 ...05:45
Rajkaj Ref 8811899

आर.सी.सी. का नाला



ONE
आसान होम लोन
Latitude: 27.997237
Longitude: 76.330502
Elevation: 302.25±3.00 m
Accuracy: 3.54 m
Time: 30-01-2025 13:33:25
Note: NGT 262/2024
NoteCam @ iOS


Latitude: 27.997270
Longitude: 76.330351
Elevation: 301.75±3.36 m
Accuracy: 4.75 m
Time: 30-01-2025 13:34:16
Note: NGT 262/2024
NoteCam @ iOS


भराव क्षेत्र में एकत्रिरित मल-
जल उचिष्ट व् नगरीय ठोष
अपशिष्ट
Latitude: 27.997272
Longitude: 76.330375
Elevation: 303.04±3.34 m
Accuracy: 4.76 m
Time: 30-01-2025 13:34:26
Note: NGT 262/2024
NoteCam @ iOS


कमला भवन व् गार्डन (शादी समारोह हेतु )
Latitude: 27.996768
Longitude: 76.330475
Elevation: 301.33±3.00 m
Accuracy: 3.54 m
Time: 30-01-2025 13:57:09
Note: NGT 262/2024
NoteCam @ iOS


कमला भवन व् गार्डन से
निस्त्रावित उचिष्ट
Latitude: 27.996730
Longitude: 76.330408
Elevation: 297.17±3.52 m
Accuracy: 4.63 m
Time: 30-01-2025 13:56:13
Note: NGT 262/2024
NoteCam @ iOS


Latitude: 27.996584
Longitude: 76.330410
Elevation: 299.21±4.00 m
Accuracy: 9.42 m
Time: 30-01-2025 13:55:58
Note: NGT 262/2024
NoteCam @ iOS



प्रशासन द्वारा हटाया गया अतिक्रमण
Latitude: 27.996815
Longitude: 76.330427
Elevation: 304.45±3.00 m
Accuracy: 7.93 m
Time: 30-01-2025 13:54:58
Note: NGT 262/2024
NoteCam @ iOS




मेरिज गार्डन में स्थित बैंक्वेट् हाल


कमला भवन
&
गार्डन
ग्रा. पो. माजरी कलाँ अलवर (राज.)
Latitude: 27.996775
Longitude: 76.330441
Elevation: 300.14±12.00 m
Accuracy: 15.36 m
Time: 30-01-2025 13:42:39
Note: NGT 262/2024
NoteCam @ iOS


Latitude: 27.996739
Longitude: 76.330421
Elevation: 293.14±3.52 m
Accuracy: 4.63 m
Time: 30-01-2025 13:36:58
Note: NGT 262/2024
NoteCam @ iOS




मेसर्स मयंक स्टोन इम्पेक्स